# भोपाल का एसआईआर प्रदेश में मॉडल बने

## भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना ने की एसआईआर की तैयारियों, प्रगति की समीक्षा



**भोपाल, 6 नवम्बर. भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की निदेशक शुभ्रा सक्सेना ने बुधवार को भोपाल कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) की तैयारियों और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.**

उन्होंने कहा कि भोपाल जिले को एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य कर देश में मॉडल प्रस्तुत करना होगा. राजधानी से तैयार किया गया एसआईआर मॉडल पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय हो, इसके लिए सभी ईआरओ और बीएलओ मैदानी स्तर पर पूरी गंभीरता से कार्य करें. बीएलओ एप पर मैपिंग कम होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और बीएलओ से ऑनलाइन डेटा एप पर शीघ्र अपलोड करने के निर्देश दिए. साथ ही कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को शहरी क्षेत्र में बीएलओ के साथ संयुक्त रूप से एसआईआर का कार्य करने और नगर निगम कार्यालय में हेल्प डेस्क को और सशक्त बनाने के निर्देश दिए.

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल जिले में सभी एसडीएम कार्यालय एसआईआर कार्य कर रहे हैं. बैठक के दौरान निदेशक सक्सेना ने हुजूर विधानसभा क्रमांक 155 के बीएलओ ब्रजेश शर्मा द्वारा एक ही दिन में 76 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग करने पर प्रशंसा व्यक्त की. शर्मा ने अपने बूथ पर आईटी एक्सपर्ट वॉलिंटियर्स की सहायता से यह उपलब्धि हासिल की.

निदेशक ने सभी ईआरओ को निर्देशित किया कि आगामी 7 दिनों में 2003 की मतदाता सूची से मिलान कर पात्र मतदाताओं की बीएलओ एप पर शत-प्रतिशत मैपिंग सुनिश्चित की जाए. भोपाल के स्लम क्षेत्रों में विशेष कैम्प आयोजित कर एसआईआर के कार्य को गति देने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में निदेशक ने मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे बीएलओ से वन-टू-वन चर्चा की और कहा कि एसआईआर की कार्यवाही के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 'कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो.

> बैठक में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के सचिव विनोद कुमार, राज्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश के संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी आर.पी.एस. जादौन, संजय श्रीवास्तव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरभि तिवारी, आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन, एडीएम सुमित कुमार पांडेय सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के एसडीएम, ईआरओ, एईआरओ तथा बीएलओ उपस्थित रहे.



# अयोध्या नगर में शिवपुराण कथा का शुभारंभ

▸ भगवत कृपा से ही शिव पुराण कथा कराना संभव : पं. व्यास

**भोपाल, 6 नवंबर. गृहस्थ जीवन के सभी उत्तरदायित्वों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा से निभाते हुए गृहस्थ व्यक्ति जब शिव भक्ति में लीन होता है और धीरे-धीरे यह भक्ति जब अपने चरम पर पहुंचती है, तब भगवान की कृपा नहीं अतिकृपा होती है.**

तब ऐसे व्यक्तित्व को भोलेनाथ अवसर देते हैं शिवपुराण कथा का आयोजन करने का. उक्त उद्गार गुरुवार को बालाजी भक्त परिवार के द्वारा अयोध्या नगर में कराई जा रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का प्रारंभ करते हुए वृंदावन के पंडित रमाकांत व्यास ने व्यक्त किये. उन्होंने कहा कि हनुमान जी को भी श्री राम ने निकट नहीं परम निकट अर्थात हृदय में बिठाया था, तब से ही हनुमान जी सदा के लिए अटल भक्ति में सराबोर हो गए. यही भाग्य आज यहां कथा करा रहे आयोजकों का उदय हुआ है. इसके पहले सुबह श्री राम जानकी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची. यहां द्वादश ज्योतिर्लिंगों का पूजन किया गया.

# बैरागढ़ में छात्र स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

▸ छात्रों ने समाज को सशक्त बनाने का संकल्प लिया



**भोपाल, 6 नवंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत हिरदाराम नगर ( बैरागढ़ ) के महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया. यह पथ संचलन संत नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ विसर्जन घाट पर समाप्त हुआ.**

इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग के सह कार्यवाह शिखर जैन, मुख्य अतिथि वरटेक्स एजुकेशन के संचालक मुकेश नागपाल, संत हिरदाराम नगर के संघचालक बसंत चेलानी सहित कई राष्ट्रीय स्वयं संघ के स्वयंसेवक उपस्थित थे. मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भोपाल विभाग के सह कार्यवाह शिखर जैन ने कहा कि समाज में जागरण लाने के लिए पांच परिवर्तन कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाना, जलवायु संरक्षण शताब्दी वर्ष में अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि इन पंच परिवर्तनों के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक चेतना और एकता का प्रसार संभव है. कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया तथा समाज को जागरूक और सशक्त बनाने का संकल्प लिया.

## आज विद्याप्रमाण गुरुकुलम् में विभिन्न प्रकल्पों का शिलान्यास

**भोपाल, 6 नवंबर.** विद्याप्रमाण गुरुकुलम् अवधपुरी में तीन दिवसीय आयोजन आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के 54 वें आचार्य पदारोहण दिवस के साथ प्रारंभ होने जा रहे है. प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया 7 नवंबर को प्रात:काल भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा उपरांत मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज ससंघ सानिध्य में श्री विद्या प्रमाण गुरुकुलम् के विभिन्न प्रकल्पों का शिलान्यास 8:30 बजे होगा. इस दौरान मुनिश्री के प्रवचन होंगे. शाम 6:20 से विशेष शंका समाधान होगा, जिसमें शिकागो से पधारे डॉ. दीपक जैन का उद्बोधन होगा.

# ऊर्जा और बुद्धिमत्ता से अधिक महत्वपूर्ण है ईमानदारी

▸ भेल में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन




**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 6 नवंबर. बीएचईएल भोपाल में सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 के तहत बुधवार को स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.**

इस अवसर पर जीएसटी इंटेलिजेंस निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक राजेन्द्र कुमार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि बीएचईएल भोपाल के महाप्रबंधक एवं यूनिट हेड प्रदीप कुमार उपाध्याय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम में महाप्रबंधक, डीआरओएस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे.

इस वर्ष का विषय 'सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी' रहा, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता को बढ़ावा देने में सामूहिक भूमिका पर जोर देना था. अपने संबोधन में मीणा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सत्यनिष्ठा और अंतरात्मा के मार्ग का पालन करना चाहिए. उन्होंने कहा कि 'ऊर्जा और बुद्धिमत्ता से अधिक महत्वपूर्ण ईमानदारी है.' उपाध्याय ने कहा कि सतर्कता केवल एक सप्ताह या अवसर विशेष तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यवहार और कार्य प्रणाली में शामिल करना चाहिए. उन्होंने कर्मचारियों से प्रत्येक कार्य में निष्पक्षता और पारदर्शिता बरतने की अपील की.

## एक नजर में




### सूरत में आव्या और आध्यात्म ने जीते स्वर्ण पदक

**भोपाल, 6 नवंबर.** सेज इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 3 की छात्रा आव्या प्रकाश और कक्षा 6 के छात्र आध्यात्म प्रकाश ने मध्य प्रदेश के कोच एजाज़ खान के नेतृत्व में सूरत में आयोजित कूडो फेडरेशन कप और 17वीं अक्षय कुमार इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भाग लिया. इसमें आव्या ने एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक हासिल किया, वहीं आध्यात्म प्रकाश ने एक स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक प्राप्त किया.

### जेसीएम मीटिंग में सिद्धार्थ यादव करेंगे प्रतिनिधित्व

**भोपाल, 6 नवंबर.** गोवा में आयोजित होने वाली संयुक्त परामर्श समिति (जेसीएम) बैठक में भोपाल हवाईअड्डे का प्रतिनिधित्व एयरपोर्ट यूनियन अध्यक्ष सिद्धार्थ यादव करेंगे. यह बैठक पाँच वर्षों में एक बार आयोजित की जाती है, जिसमें पश्चिमी क्षेत्र (वेस्टर्न रीजन) के अंतर्गत आने वाले करीब 30 हवाई अड्डों से चुने गए यूनियन प्रतिनिधि भाग लेंगे. इस बैठक में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों और समस्याओं पर चर्चा की जाएग. इसमें विशेष रूप से रीवा और सतना हवाई अड्डों पर कर्मचारियों के स्थाई स्थानांतरण, ट्रांसफर नीतियों में सुधार, कर्मचारियों के समय पर प्रमोशन, तथा वित्त और मानव संसाधन विभाग में आवश्यक सुधारों से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहेंगे. यूनियन अध्यक्ष सिद्धार्थ यादव ने बताया कि वे बैठक में कर्मचारियों के हित से जुड़े सभी विषयों को मजबूती से प्रबंधन के समक्ष रखेंगे ताकि आगामी वर्षों में कार्य वातावरण और सुविधाओं में सुधार हो सके. जेसीएम बैठक का उद्देश्य प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच संवाद और समन्वय को सुदृढ़ करना है, जिससे हवाईअड्डों पर कार्यकुशलता बढ़े और कर्मचारियों को बेहतर अवसर मिल सकें.

### अनुशासन, समर्पण अच्छे कैडेट की पहचान : धूमने

**भोपाल, 6 नवंबर (जूनियर रिपोर्टर ).** केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भोपाल, कान्हासैया के कैंप क्षेत्र में आईसीजी आरडीसी-1 शिविर का आयोजन द्वितीय मध्यप्रदेश वायु स्क्वाड्रन एनसीसी भोपाल द्वारा किया जा रहा है. इस शिविर में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के 450 कैडेट्स, प्रशिक्षक और अधिकारी भाग ले रहे हैं. शिविर का उद्देश्य दोनों राज्यों के एनसीसी कैडेट्स को आगामी गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिनिधित्व के लिए तैयार और प्रशिक्षित करना है. चयनित कैडेट्स दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेकर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे. शुक्रवार को शिविर का निरीक्षण मेजर जनरल विक्रांत एम. धूमने, अतिरिक्त महानिदेशक, एनसीसी संचालनालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ ने किया. उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन ही एक सच्चे एनसीसी कैडेट की पहचान है. उन्होंने सभी को अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और संचालनालय का नाम सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाने का आह्वान किया.



### वाहन चालकों और सफाई मित्रों को दिया प्रशिक्षण

**भोपाल.** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण की निरंतर प्रगति के आधार पर भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ''स्वच्छ शहर जोड़ी'' के रूप में प्रारंभ की गई. अभिनव पहल के तहत नगर पालिक निगम, भोपाल एवं नगर पालिका बैरसिया के मध्य निर्धारित मानकों अनुसार 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत बैरसिया में वाहन चालकों एवं सफाई मित्रों के लिए प्रशिक्षण और जागरुकता गतिविधियां प्रारंभ की गई. नगर पालिक निगम, भोपाल द्वारा सकारात्मक सोच समूह के सहयोग से पुराने पेंट के डिब्बों से बने डस्टबिन वितरित किये गये.

# 'जलतरंग' वॉटरकलर वर्कशॉप का शुभारंभ



**भोपाल, 6 नवंबर. कलाधारा संस्था द्वारा मानव संग्रहालय में 'जलतरंग' वॉटरकलर वर्कशॉप का शुभारंभ हमीदिया कॉलेज के एचओडी आलोक भावसार, एवं प्रसिद्ध चित्रकार वीना जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.**

वर्कशॉप का संचालन वरिष्ठ कलाकार कुडलैया हिरेमठ के मार्गदर्शन में किया जा रहा है. इस अवसर पर भोपाल के सुप्रसिद्ध वॉटरकलरिस्ट विजय गहरवार, प्रभु ढोक, मंजु सिंह, के.के. मालवीय, और हरिकांत दुबे ने भी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया. यहां 14 से लेकर 75 साल तक के प्रतिभागी शामिल हुए. इनमें भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के बाहर के भी थे. इस वर्कशॉप में तैयार कलाकृतियों की प्रदर्शनी शनिवार 8 नवंबर को मानव संग्रहालय के शैल कला भवन में की जाएगी. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कलाकार नीलिमा श्रीवास्तव और योगेश यादव, जो इस आयोजन के संयोजक हैं, द्वारा किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि कलाधारा संस्था का उद्देश्य ऐसे आयोजनों के माध्यम से कलाकारों को मोबाइल से दूर रहकर प्राकृतिक परिवेश में लाइव स्टडी के लिए प्रेरित करना और वॉटरकलर कला को नई पहचान दिलाना है.

## रंगोली प्रतियोगिता



**भोपाल, 6 नवंबर.** शहर के आनंद विहार कॉलेज में गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने मनमोहक रंगोली बनाई. कॉलेज की एक छात्रा रंगोली बनाते हुए.

## आज 50 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल, 6 नवंबर.** राजधानी के करीब 50 इलाकों में शुक्रवार को मेंटनेंस के लिए बिजली कटौती होगी. शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक खुदागंज, मेंडोरा, केरवा कोठी, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक विनीत कुंज ए सेक्टर, सीआई हाइट, सांई स्टील, आइना बंगलो, राजहर्ष कॉलोनी, बंजारी डी सेक्टर, कोलार थाना, आर्यव्रत हाउसिंग (ब्रिटिश पार्क), आरआरजी कॉलोनी, छान, 11 मिल टॉवर. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक गांधीनगर, झूलेलाल मार्केट, शिवाजी वार्ड, आदमपुर, छावनी, डोबरा, ओमेगा फार्म, पंचवटी कॉलोनी पार्क-1, 2, 3 और 4, इंद्रप्रस्थ, सन सिटी सहित अन्य इलाकों में कटौती होगी.

# एमवीएम कॉलेज ग्राउंड पर स्वदेशी मेला शुरू

## मेला में स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल और मनोरंजन के लिए झूले लगाए



**भोपाल, 6 नवंबर. मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित 10 दिवसीय स्वदेशी मेला का गुरुवार को एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में शुभारंभ हुआ. उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रांत संघ संचालक अशोक पांडे ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में पार्षद पप्पू विलास, मुख्य संयोजक सतीश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सुशील अग्रवाल सहित प्रांत के अन्य प्रचारक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. स्वदेशी मेले का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और लोगों में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति जागरूकता लाना है. मेले में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल, झूले और स्वादिष्ट व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई है.

आयोजकों द्वारा निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. मेले का आयोजन एमबीएम कॉलेज ग्राउंड, भोपाल में किया गया है, जो आगामी 10 दिनों तक खुला रहेगा.



# 'मास' नाटक का हुआ मंचन

▸ शरीर से प्रेम व आत्मस्वीकृति का दिया संदेश

**भोपाल, 6 नवंबर. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के टैगोर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के परिसर में गुरुवार को चर्चित नाटक 'मास' का मंचन हुआ. इस प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को आत्मस्वीकृति, आत्मसम्मान और खुशहाल जीवन जीने का सशक्त संदेश दिया.**

मुंबई से आईं प्रसिद्ध थिएटर कलाकार ज्योति डोगरा ने अपने बेहतरीन अभिनय और भावनात्मक प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया. दो घंटे तक चले इस एकल नाटक में उन्होंने बेहद संवेदनशील विषय- शरीर के प्रति हमारी सोच और समाज के बनाये मानकों को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया. नाटक के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि व्यक्ति को अपने शरीर के आकार, ऊंचाई, वजन या रूपरंग को लेकर शर्मिंदगी महसूस नहीं करनी चाहिए. बल्कि, हर इंसान को अपने शरीर को स्वीकार कर उससे प्रेम करना चाहिए, तभी सच्चा आत्मविश्वास और खुशी संभव है. मंचन के बाद दर्शकों ने ज्योति डोगरा से मुलाकात कर अपने विचार साझा किए और आत्मस्वीकृति पर सार्थक चर्चा की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, कलाकार और संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे. नाटक का मुख्य संदेश था- 'अपने शरीर से प्रेम करें और उसे स्वीकारें.

**आक्रोश** ▸ सिंधी सेंट्रल पंचायत ने सौंपा ज्ञापन, अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग

# भगवान झूलेलाल पर अपमानजनक टिप्पणी का विरोध




**भोपाल, 6 नवंबर. सिंधी सेंट्रल पंचायत, भोपाल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के नेता अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा.**

पंचायत ने आरोप लगाया कि 26 अक्टूबर 2025 को अमित बघेल ने सोशल मीडिया पर भगवान झूलेलाल और सिंधी समाज के प्रति अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं. इस संबंध में रायपुर थाने में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है. ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में पंचायत अध्यक्ष किशोर तनवानी, उपाध्यक्ष डी.डी. मेघानी, महेश बजाज, शंकर सचदेव, सचिव दिनेश मेघानी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे. इस दौरान समाज के सदस्यों ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया और प्रशासन से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की.

> अध्यक्ष किशोर तनवानी ने कहा- अमित बघेल एक आदतन अपराधी है. उसने पहले भी कई बार जेल की सजा काटी है और महापुरुषों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर समाज में वैमनस्य फैलाया है. सिंधी समाज संविधान में आस्था रखते हुए ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करता है.

### नामदेव जी महाराज का अवतरण दिवस मनाया

**भोपाल, 6 नवंबर.** संत शिरोमणी नामदेव जी महाराज के 755वें अवतरण दिवस कनक मैरिज गार्डन, भोपाल में मनाया गया. आयोजन की अगुवाई समिति अध्यक्ष भीकम सिंह नामदेव ने की. इस दौरान पूजा-अर्चना की गई. कार्यक्रम में भजन कीर्तन भी हुए. आयोजन में मनोज नामदेव, डॉ. एच.वी. नामदेव, लक्ष्मी नारायण नामदेव, नीलेश नामदेव, गंभीर सिंह नामदेव, संजय नामदेव, विनय नामदेव, अजय नामदेव, दीपक नामदेव, मुरारी लाल नामदेव, नकुल नामदेव, प्रशांत नामदेव, विकास नामदेव, संदीप नामदेव, सचिन नामदेव ने उत्कृष्ट योगदान दिया.